>

Title: Regarding the alleged provocative statement made by Interior Minister of Pakistan.

श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग): सभापति महोदय, अभी हाल में पाकिस्तान के गृह मंत्री हमारे देश में आए थे और कल ही वापस गए हैं। तीन दिन वे हमारे मुल्क में रहे और उन्होंने यहाँ आकर जिस प्रकार की ... ...* बयानबाज़ी की है, ... *, उससे हमारे देश की प्रतिष्ठा को बहुत ठेस पहुँची है। पाकिस्तान का मंत्री हमारी धरती पर आए और इस तरह की बयानबाज़ी करे और भारत सरकार की तरफ से उसका कोई जवाब नहीं दिया जाए, यह हम लोग स्वीकार नहीं करेंगे। भारत सरकार को पाकिस्तान के गृह मंत्री की बात का दो टूक जवाब देना चाहिए था, लेकिन हमारे गृह मंत्री जी चुप रहे, ...(व्यवधान)...* मूक बने रहे, उन्होंने कुछ नहीं सुना। मैं मानता हूँ कि देश का इससे बहुत नुकसान हुआ है। भारत-पाकिस्तान के बीच में जो क्रिकेट मैच होने वाला है, वह रद्द करना चाहिए और आगे पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। जब तक पाकिस्तान 26/11 के दोषियों को और हाफ़िज़ सईद को भारत को नहीं सौंपता है, तब तक पाकिस्तान से भारत को कोई बातचीत नहीं करनी चाहिए। मैं गृह मंत्री से मांग करता हूँ कि वे तत्काल सदन में खड़े होकर बयान दें कि भारत सरकार की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है। ...(व्यवधान) कोई क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिए, कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : 2 श्री देवजी एम. पटेल, श्री संजय धोत्रे, श्री शिवकुमार उदासी, डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं श्री अशोक अर्गल के नाम श्री यशवंत सिन्हा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध किए जाते हैं।

â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.12 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.00 hrs.

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

...(*Interruptions*)

At this stage Shri Dharmendra Yadav and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)